पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 9 ◆ रायपुर 05 नवंबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

# मांदर बजाते हुए कलाकारों के साथ थिरके मुख्यमंत्री साय

## इससे आम लोगों को मिलती है शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की सही जानकारी



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्योत्सव की द्वितीय संध्या को जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां मौजूद कलाकारों के पास पहुंचे और मांदर बजाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया। मुख्यमंत्री श्री साय कलाकारों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए आज अलग अंदाज में नजर आए। मुख्यमंत्री का छतीसगढ़ी कला-संस्कृति से जुड़ाव और उनके सहज-सरल व्यवहार को देखकर लोग उनके मुरीद हो गए और तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

मुख्यमंत्री को इस मौके पर रिखी क्षत्रीय ने अपनी ओर से मांदर भेंट किया। गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में राज्य की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में दिखाई गई योजनाओं और उपलब्धियों की सराहना की और इसे जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर उन्होंने वहां एलईडी टीव्ही के माध्यम से प्रसारित हो रहे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में दिए गए भाषण को हेडफोन लगाकर सुना। गौरतलब है 4 अक्टूबर, 1977, भारत के विदेश मंत्री के तौर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश का

**जनसंपर्क की छायाचित्र प्रदर्शनी को देखा और सराहा**



प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में अपना भाषण दिया था। उन्होंने अपने भाषण में परमाणु निरस्त्रीकरण, आतंकवाद जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए थे। हिंदी में बोलने की वजह से ही उनका यह भाषण अविस्मरणीय और ऐतिहासिक हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों से मैत्री चाहता है और भारत विश्व शांति के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को विश्व मंच पर पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि मैं भारत की ओर इस महासभा को आश्वासन देता हूं कि हम एक विश्व के आदर्शों की प्राप्ति और मानव के कल्याण तथा उसके गौरव के लिए त्याग और बलिदान की बेला कभी पीछे नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह भारत को गौरवान्वित करने वाला है।

## भाजपा ने पार्टी चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिविल लाईन स्थित मंगलमूर्ति भवन में पार्टी चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी के पूजन के साथ किया। इस अवसर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें चुनाव से संबंधित रणनीतियों पर चर्चा की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर विधायक धरम कौशिक पुरंदर मिश्रा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी जिला अध्यक्ष जयंती पटेल जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी शामिल हुए है।

## छतीसगढ़ में इस साल 36 लोगों को मिलेगा राज्य अलंकरण पुरस्कार

# उप मुख्यमंत्री ने राज्य अलंकरण, सम्मान एवं पुरस्कारों के लिए चयनितों के नामों की घोषणा की

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल 36 राज्य अलंकरण का ऐलान किया है। इसकी जानकारी देते हुए आज डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि इस साल राज्य सरकार इस साल 36 राज्य अलंकरण देगी। कल यानि 6 नवंबर को देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्य अलंकरण सम्मान प्रदान करेंगे।

6 नवम्बर को राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। राज्योत्सव स्थल पर सभी शासकीय विभागों द्वारा शासकीय






योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया है। राज्य अलंकरण प्राप्त करने वालों के नाम इस प्रकार हैं। वीर नारायण सम्मान, बुटलू राम माथरा यति यतनलाल लाल सम्मान, मनोहर गौशाला खैरागढ़ गुंडाधुर सम्मान, सुश्री छोटी मेहरा मिनीमाता सम्मान, सतनामी महिला जागृति समिति दुर्ग गुरु घासीदास सम्मान, राजेंद्र रंगीला ठाकुर प्यारेलाल सम्मान, शशिकांत द्विवेदी प्रवीणचंद भांजदेव सम्मान, विकास कुमार रवि शंकर शुक्ल सम्मान, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर सुंदरलाल शर्मा सम्मान, सत्यभामा आडिल चक्रधर सम्मान, सुधाकर रामभाऊ भिलाई दाऊ मंदराजी सम्मान, पंडीराम मंडावी खूबचंद बघेल सम्मान, शिवकुमार चंद्रवंशी, खेमराज पटेल महाराजा अग्रसेन सम्मान, सियाराम अग्रवाल चंदूलाल चंद्राकार पत्रकारिता प्रिंट पुरस्कार, भोलाराम सिन्हा चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता इले. मोहन तिवारी।

# भाटापारा पालिका चुनाव को लेकर हलचल तेज

## मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा आपत्ति शुरू

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका परिषद का चुनाव आगामी महीनो मे संभावित है इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चालू है। मौजूदा पालिका के 31 वार्डो मे लगभग 49362 मतदाता है जिसमे महिला मतदाता पुरूषो की तुलना मे अधिक है शहर मे जहां 23991 पुरूष मतदाता है वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 25360 है जबकि थर्ड जेंडर मतदाता लगभग 11 है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है जिसमे दावा आपत्ति लिये जा रहे है इसके तहत नये नाम जोडने नाम विलोपन करने सहित मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य द्रुत गति से चल




रहा है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा आपत्ति 23 अक्टूबर 2024 के अपरान्ह तीन बजे तक किये जा सकेंगे प्रारूप क 1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर 2024 को होगा। अंग्रेज जमाने के भाटापारा नगर पालिका मे मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है जबकि बलौदाबाजार, पलारी, कसडोल व टुडरा नगरीय निकाय क्षेत्र के कुल मतदाता संख्या भी भाटापारा पालिका के अकेले मतदाता संख्या से भी कम है उस लिहाज से भाटापारा एक बडी नगरीय निकाय संस्था है जहां आगामी महीनो मे सत्ता का संघर्ष देखने को मिलेगा बहरहाल मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के पश्चात वार्डो का आरक्षण तथा पालिकाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद का लाटरी निकलेगा उसके बाद हीं यह ज्ञात होगा कि पालिकाध्यक्ष पद पर सामान्य रहेगा या फि र अन्य पिछडा वर्ग के खाते मे जायेगा या फि र कोई और श्रेणी मे पालिकाध्यक्ष का पद रहेगा। बहरहाल पालिकाध्यक्ष पद पर एवं वार्ड पार्षदों के लाटरी को लेकर उत्सुकता बनी हुई है और लोग अपने अपने स्तर पर राजनीतिक गोटियां बिठाने मे अंदरूनी तौर पर लगे हुये है खासकर वे पार्षद जो राजनीति को छोड़ना नहीं चाहते वे अपने वर्तमान वार्डो के साथ साथ पडोस के अन्य वार्डो की ओर टकटकी लगाये हुये है और वार्ड आरक्षण प्रक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रहे है पालिका चुनाव के संभावित प्रत्याशी बनने के लिये अनेक नेता बडे नेताओं के निवास पर लगातार जहां चक्कर काट रहे है वहीं पब्लिक के बीच भी बैठने का भरपूर प्रयास कर रहे है। अनेक नेता तो अल सुबह से चाय पार्टी मे बैठकर अपनी संभावनाओं को जिंदा रखे हुये है वहीं अनेक लोग पहले की तुलना मे मतदाताओं व आम नागरिको के बीच व्यवहार कुशल बनने का भरपूर प्रयास कर रहे है जिसे आम जनता भी समझने लगी है कुल मिलाकर दीपावली पर्व के बाद पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज होने की संभावना है।

# समूचे भाटापारा क्षेत्र में बढ़ते अपराधिक वारदात चिंता का विषय

## आईपीएस स्तर के सक्षम अधिकारी की तैनाती जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। इन दिनो समूचे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवो मे अपराधिक घटनाओं मे वृद्धि का क्रम निरंतर जारी है। ब्राउन शुगर, गांजा व अवैध शराब की लंबी खेप पकड़ मे आने से बढते अवैधानिक कार्य का जहां खुलासा हुआ है वहीं बात बात मे नगर व क्षेत्र के चाकू बाजी की बढती घटनायें चाकू व तलवार लहराने लूट पाट की घटना तथा बढती चोरी की वारदात मे यह साबित कर दिया है कि भाटापारा क्षेत्र अब महानगरो की तर्ज पर बढते हुये अपराध का बडा केन्द्र बनते जा रहा है जिस पर अंकुश लगाने का प्रयास अभी से जरूरी हो गया है।

चूंकि भाटापारा मुंबई हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित है इसलिये यहां से



मादक पदार्थो की तस्करी व डिलीवरी के अलावा अपराध करके भागने वालो के लिये यह सुलभ केन्द्र बन गया है इसके लिये यहां पर पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाये जाने की जरूरत है जिसके तहत यहां पर आईपीएस स्तर के सक्षम अधिकारी की स्थाई रूप से तैनाती जरूरी हो गया है वहीं वर्तमान मे बढते अपराधिक घटनाक्रम एवं शहर के बेतरतीब सड़क यातायात मे सुधार के दृष्टिकोण से नगर मे पुलिस बल यातायात बल मे वृद्धि के साथ साथ आईपीएस स्तर के आला अधिकारी की नियुक्ति बहुत जरूरी हो गया है ताकि बढते अपराध व अव्यवस्था पर लगाम लगाया जा सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षो मे कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दृष्टि से भाटापारा के आस पास ग्राम हथबंद, लिमतरा व निपनिया मे थाना व पुलिस चैकी प्रारंभ किये गये है उसके बावजूद ब्राउन शुगर, गांजा व अवैध शराब तथा अन्य अपराधों का बढता हुआ ग्राफ चिंता का विषय बना हुआ है इस दिशा मे शासन व प्रशासन के उच्चाधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देकर समस्या का निदान ढूंढना चाहिये।

# भाटापारा के एक मात्र गार्डन में बच्चों के झूलों पर बड़ों का कब्जा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के एकमात्र मोती गार्डन मे छोटे छोटे बच्चों के लिये लगाये गये झूले व अन्य सामानो पर बडे लोगों का कब्जा हो जाने से छोटे छोटे बच्चे गार्डन मे झूला झूलने तक के लिये तरस रहे है इस संबंध मे प्रत्यक्षदर्शियों एवं भुक्तभोगियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. मोतीलाल भेजवानी द्वारा दान मे दिये गये भूमि पर एक लंबे समय पहले पालिका प्रशासन द्वारा बनाये गये मोती गार्डन मे इन दिनो समूचित देख रेख व्यवस्था एवं गार्डन टेकर नहीं होने से गार्डन पूरी तरह अपना वैभव खोते जा रहा है गार्डन के भीतर लगाये गये पौधे जहां देख रेख के अभाव मे सूख रहे है वहीं गार्डन के नीचले हिस्से पर घांस पूरी तरह उखड़ चुके है फ लस्वरूप गार्डन के पायदान पर सिर्फ मिटटी व धूल नजर आने लगा है गार्डन मे लगाये गये तमाम तरह के झूले व कसरत के सामानो पर बडे लोगों का कब्जा होने से छोटे छोटे बच्चे जो गार्डन मे पहंचते है उन्हे निराशा का सामना करना पड़ रहा है क्योकि बच्चों के लिये लगाये गये झूले मे बडे उम्र के युवतिया एवं महिलायें के साथ साथ नौजवानो का कब्जा रहता है वे संपूर्ण समय धींगा मस्ती करते हुये गार्डन मे अव्यवस्था को बढावा दे रहे है जिस पर रोक लगाने ऐसी व्यवस्था पालिका प्रशासन द्वारा नहीं की गई है कि गार्डन का संधारण संवर्धन तथा केयर टेकर वहां पर मौजूद नहीं होने से पूरी तरह अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है फ लस्वरूप लगभग एक लाख की आबादी के लिये आश्रित एक मात्र मोती गार्डन अब लोगों के लिये निराशा का केन्द्र बन गया है।

# सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ



**मौ**जूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा।

लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान 'कटोगे तो बंटोगे' का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है। संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। संघ इसी विचार को मानता है, भारतीय यानी हिंदू। भारतीय समाज को कभी सांप्रदायिकता के आवरण में बांटा गया तो कभी जाति की संकीर्ण सोच के बहाने। संघ अपने जन्म से ही दोनों ही वैचारिकी का विरोध करता रहा है। इसके बावजूद उस पर कभी ब्राह्मणवादी होने तो कभी कुछ का आरोप लगता रहा है। किसी भी संगठन के किसी भी व्यक्ति के निजी तौर पर अपने विचार हो सकते हैं, उसकी सोच का असर उसके व्यक्तित्व पर पड़ सकता है। लेकिन वैचारिक रूप से संघ में ऊंच-नीच, भेदभाव की सोच नहीं रही है। महात्मा गांधी ने भी संघ के 1934 के वर्धा के शिविर का दौरा किया था। संघ के उस शिविर में छूआछूत और ऊंचनीच का भाव न देखकर गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे। उन दिनों गांधी जी छूआछूत के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उन्होंने तब माना था कि संघ के ऐसे प्रयास भारतीय समाज में बराबरी का भाव लाने में सफल हुए। राजनीति अक्सर महात्मा गांधी को लेकर संघ पर आरोप लगाती है कि वह महात्मा गांधी को नहीं मानता। संघ को सामाजिक रूप से बांटने को लेकर जब भी हमला किया जाता है, अक्सर गांधी विचार का ही सहारा लिया जाता है। हालांकि संघ ने कभी ऐसी कोई मंशा जाहिर नहीं की। उलटे गांधी संघ के समानता के विचारों से प्रभावित रहे। जिसकी तसदीक उनके द्वारा ही प्रकाशित हरिजन पत्रिका के 28 सितंबर 1947 के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी जी ने दिल्ली में सफाईकर्मियों की बस्ती में हुए संघ के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर 1947 को हिस्सा लिया था। इस रिपोर्ट में लिखा है,गांधी जी ने कहा कि वे कई साल पहले वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गए थे, जब संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे।

**संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं।**



\- उमेश चतुर्वेदी

# पहला धन निरोगी काया

*धनतेरस पर धन की पूजा की परंपरा है, तो भगवान धनवंतरी की पूजा भी है, भगवान धन्वंतरी आयुष्य के देवता है जिससे धनतेरस का संदेश साफ हो जाता है, भारत के समाज जीवन में एक पद या कहावत पुराने समय से चली आ रही है. पहला सुख निरोगी काया , दूजा सुख घर में हो माया वैसे तो पूरी दीवाली, लक्ष्मी पूजा, धन- संपत्ति पूजन के लिए ही है पर इसका शुभारंभ धनतेरस के दिन आरोग्य के दाता भगवान धन्वंतरि की पूजा से होता है. फिर कुबेर की पूजा रूप चौदस, लक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाई दूज होती है।*

हम सब ने इस प्राचीन संदेश को कोरोना काल में गंभीरता से समझ भी लिया है । रोगी हो जाने के बाद धन-संपत्ति कुछ काम नहीं आए। लोग धन दौलत लिए घूमते रहे अस्पतालों में उन्हें जगह नहीं मिली। संदेश साफ है पहला धन निरोगी काया ही है । यदि शरीर स्वस्थ है तो ही आप धन संपत्ति भौतिक सुख सुविधाओं का आनंद उठा सकते हैं। यदि शरीर अस्वस्थ है तो मन को भौतिक संपदाये, आनंद उत्सव सब कुछ रसहीन लगता है। मन बेचैन बना रहता है, मन तभी सुखी रह सकता है, जब तन स्वस्थ हो, पर हम यह भी समझते हैं। शरीर भी तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हमारा मन स्वस्थ हो। स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर एक सिक्के के दो पहलू हैं।

मन यदि चिंता ग्रस्त है भय व शोक आशंकाओं से भरा है तो उसका दुष्प्रभाव शरीर पर पड़ता ही है। हमारी जीवनशैली ऐसी हो कि मन को तनाव में ना डालें, क्योंकि शरीर श्रम को तो सहन कर लेता है बल्कि उससे स्वस्थ् बनता है पर तनाव से नाना प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए भारतीय सनातन ज्ञान हमें बताता है कि धन कमाने में हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? किस प्रकार से धन कमाना चाहिए?

आज जिस जीवन शैली को हमने अपना लिया है उससे धन कमाने की अंधी दौड़ प्रारंभ हो गई है । हमने अपनी जरूरतें बहुत बड़ा ली है। जिन वस्तुओं की हमें आवश्यकता नहीं है, दिखावा और एक दूसरे को दिखाने की स्पर्धा ने उन्हें भी प्राप्त करने की आकांक्षा है । जिससे हमारा समय और सुकून दोनों छिन गए है । ऊपर से आकांक्षाओं के पूरा न होने से हीन भावना और प्राप्त कर लेने से मन में घमंड उत्पन्न हो रहा है जो मन की व्याधियां है । क्रोध और व्यग्रता ने धैर्य के लिए स्थान ही नहीं छोड़ा । इन सब बातों का प्रभाव बेचारी काया झेल रही है। ईश्वर ने जिस काया को हमें आध्यात्मिकता की तरफ ले जाने के लिए दिया है जिससे हम शांति और मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं उसे हमने रोगी बना लिया है ,स्वस्थ जीवन शैली और आरोग्य हमारा लक्ष्य होना चाहिए। अपनी दिनचर्या को ऐसा बनाएं कि कुछ समय शरीर की देखभाल के लिए हो कुछ मन की देखभाल के लिए और कुछ पेट की। सुबह या शाम तीस चालीस मिनिट टहलने के लिए दिए जा सकते हैं । यदि घूमने जाने के लिए जगह नहीं है तो घर में ही कदम ताल की जा सकती है , कुछ सूक्ष्म व्यायाम किए जा सकते हैं, मन और सांसो को संभालने के लिए प्राणायाम कर सकते हैं, ध्यान कर सकते हैं। आज शरीर पर खाने पीने की वस्तुओं का अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। डब्बा बंद सामग्री यानी पैकेज्ड फूड की सुविधा ने जीवन को संकट में डाल दिया है । जिस प्रकार के रसायनों को प्रिजर्वेटिव्स के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है ,वह भयंकर है । इनसे बचे और प्राकृतिक पैकेज्ड फूड यानी फलों का प्रयोग करें । तीनों सफेद जहर मैदा ,शकर और नमक का उपयोग न्यूनतम करें । मोटे अनाजों के प्रयोग को बढ़ाएं, जैविक उत्पादों का उपयोग बढ़ाएं । जिस से जैविक खेती को बढ़ावा मिले और जहरीले भोजन से समाज बच सके। जिस तरह से कृषि उत्पादन बढ़ रहे हैं उसने रोग भी बढ़ा दिए हैं। भयंकर रोग गांव - गांव तक पहुंच गए हैं। कुल मिलाकर धन की चाह हमें निर्धनता की ओर ले जा रही है। एक वक्त था अस्पताल और दवा की दुकानें इक्का-दुक्का थी । अब गली-गली जिम खुले हैं तो पग पग पर खाने के रेस्टोरेंट ओर दुकाने।दुष्परिणाम अस्पताल और दवा की दुकानें भीड़ से पटी पड़ी हैं।

धन कमाना अच्छा है , पर शरीर का ध्यान रखते हुए क्योंकि यही शरीर, धर्म का साधन है। ऋषि मंत्र और उपनिषद बताते हैं शरीर माध्यम , खलु धर्मसाधनम् अर्थात शरीर ही सभी धर्मों को पूरा करने का साधन है। यानी शरीर को स्वस्थ बनाए रखना जरूरी है। इसी के होने से सभी का होना है। अत: शरीर को निरोगी रखना हमारा दायित्व है। अन्यथा हमारी स्थिति उस कौवे की तरह हो जाएगी जो नदी में तैरती हाथी की लाश पर भोजन के आनंद के लिए बैठ जाता है कुछ दिन तक प्रतिपल आनन्द उठाता है, रोज मांस नोचता है , मीठा पानी पीता है और हाथी पर ही सो जाता है । एक दिन नदी अपने गंतव्य सागर में मिल जाती है और चारों तरफ पानी ही पानी वह भी खारा । अब कौवा उड़कर कहीं नहीं जा सकता और रोते गाते देह त्याग देता है। अपने तात्कालिक सुखों के लिए कहीं हम भी तो अपने जीवन को दांव पर नहीं लगा रहे और रोगों के भंवर सागर की ओर तो नहीं जा रहे । भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंशावतार माना जाता है। समुद्र मंथन के समय कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि जी हाथों में अमृत कलश लिए प्रकट हुए थे , अमृत हमारे जीवन मैं भी प्रकट हो इसके लिए आवश्यक है हम अपनी दिनचर्या और जीवनशैली को ऐसा बनाएं कि दुष्ट प्रवृत्तियों को हराकर सात्विक जीवन को अपनाएँ जिसमें हमें आयुष्य प्राप्त हो । हमारे जीवन में अमृत छलके, जिससे समाज में आरोग्य का प्रकाश फैले।

**अखिलेश श्रीवास्तव**
पत्रकार एवं लेखक
विश्व संवाद केंद्र, भोपाल

# भाटापारा रेल्वे स्टेशन का विकास कार्य प्रगति पर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में स्थित 15 स्टेशनों का पुर्नविकास कार्य मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में तेजी से प्रगति कर रहा है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करके यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा इस योजना के तहत मंडल में यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जोकि यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। मंडल के 15 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुर्नविकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है जिनमे भाटापारा भी शामिल है। यात्रियों के सुगम स्टेशन प्रवेश व निकासी हेतु भव्य प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है, इस ब्रिज को एयर कांकॉर्स के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि यात्रियों को प्लेटफार्मों पर जाने में अधिक आसानी हो, यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की सुविधा दी जा रही है ताकि सभी यात्रियों विशेषकर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को अधिक आराम मिल सके, बारिश और धूप से बचने के लिए प्लेटफार्मों पर कवर शेड लगाए जा रहे हैं, यात्रियों को उनकी ट्रेन और कोच की स्थिति के बारे में सटीक जानकारी देने के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम की स्थापना की जा रही है, मॉल्स की तरह, स्टेशनों पर भी दिशा निर्देशों और जानकारी के लिए आधुनिक साइनेज बोर्ड्स लगाए जा रहे हैं

ताकि यात्री आसानी से स्टेशन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सके। स्टेशनों पर दिव्यांगजनों (दिव्यांग यात्रियों) के लिए विशेष सुविधाओं का भी प्रावधान किया जा रहा है। इन सुविधाओं में रैंप, मार्क पार्किंग और लो हाइट टिकट बुकिंग काउंटर शामिल हैं, जिससे दिव्यांग यात्रियों को बेहतर सहायता मिल सके। साथ ही, प्लेटफार्म पर दिव्यांगजनों के लिए अलग से टॉयलेट, लो हाइट ड्रिंकिंग वाटर बूथ और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्लेटफार्मों पर कोच गाइडेंस सिस्टम, साइनेज, और स्टैंडर्ड टैक्सटाइल गाइड जैसे साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिससे दिव्यांगजनों को ट्रेनों तक पहुँचने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। उक्त कार्य द्रुत गति से जारी है आगामी दिनो मे यात्रियों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन होगा

**भाटापारा।** आगामी 29 नवंबर से एक दिसंबर 2024 तक देशभर के संत महात्मा व विद्वान लोगों का दिव्य समागम साथ हीं सांस्कृतिक दलों की मनोरम प्रस्तुति तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन के दौरान होगा। इसको लेकर प्रारंभिक तैयारी नाका नंबर एक यज्ञ स्थल पर जारी है। उक्त आयोजन को लेकर बिहारी लाल अग्रवाल, सुनील दुबे, अनिल ओझा, गौरीशंकर शर्मा, भंवर सिंग साहू, राजेश साहू, खेमचंद देवांगन, जीत नारायण साव, तिलक साहू, कल्याण सिंग ठाकुर, रामचंद सचदेव, नभ नारायण साहू, वीणा साहू, गगन गुप्ता, कविता शर्मा, सरोज अग्रवाल, संतोष पांडे, मुकेश शर्मा, ललित सिंग ठाकुर व सत्यनारायण पटेल सहित अन्य लोग पूरी तरह सक्रिय है।

### अनेक प्रधान आरक्षक बने सहायक उप निरीक्षक

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा शहर थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक कुलमणी बारिक, राजेन्द्र त्रिपाठी, रमेश मिश्रा व शत्रुघन सिन्हा को सहायक उप निरीक्षक के पर विभागीय पदोन्नति मिलने पर उनके कंधे पर एक स्टार लगाकर एवं कैफ पहनाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की रस्म को पूरा करते हुये उन्हे नये दायित्व के लिये बधाई दी। इस दौरान पुलिस के अन्य लोगों के अलावा पदोन्नति प्राप्त पुलिस कर्मियों के परिवार वाले उपस्थित थे।

### रायपुर में खुली देश की पहली देशी गाय डीएनए टेस्टिंग लैब

*शंकराचार्य ने किया उद्घाटन*



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ए2 मिल्क रिसर्च कारपोरेशन में देश की पहली देशी गाय डीएनए टेस्टिंग लैब की स्थापना की गयी है। इसका शुभारंभ शनिवार 2 नवंबर 2024 को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख राजेंद्र तंबोली एवं श्रीमती मीरा तंबोली ने शंकराचार्य जी के चरण पादुका का सपरिवार पूजन किया। शंकराचार्य स्वामी श्री ने कहा कि देश में गऊ आंदोलन को कई स्तरों पर चलाने की आवश्यकता है।

# रेल्वे ने अग्रिम आरक्षण की अवधि को 60 दिन किया पहले यह 120 दिन था

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल्वे प्रशासन द्वारा आगामी एक नवंबर से अब विभिन्न यात्री टेक्नो मे अग्रिम आरक्षण कराकर रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के लिये नये नियम जारी किये गये है वर्तमान मे रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को 120 दिन पहले अग्रिम



आरक्षण विभिन्न श्रेणी के टिकटों पर मिलता था उक्त सुविधा पर अब रेल प्रशासन ने आगामी 1 नवंबर से ऐसी व्यवस्था की है कि अब ट्रेनो मे यात्रा के लिये रेल यात्री सिर्फ 60 दिन पहले अपनी टिकट के लिये अग्रिम आरक्षण करा सकेंगे पहले यह अग्रिम आरक्षण 120 दिन पहले हो जाया करता था जिसे रेल्वे बोर्ड ने आगामी प्रथम नवंबर 2024 से अब 60 दिन तक सीमित कर दिया है इस तरह रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम यात्रियों को किसी भी स्थान पर घूमने व अन्य कार्यो से आने जाने के लिये 60 दिन की अवधि मे अग्रिम आरक्षण टिकटो का कराना होगा।

# अरूण छाबड़ा को गुरूसिंग सभा में सम्मानित किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** पंजाबी गुरुद्वारा धन धन बाबा बुड्ढा साहिब के जन्मदिवस पर कीर्तन संमागम के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुरूद्वारा के प्रधान सरदार हरिकिशन राजपूत एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी कई समाज सेवी संस्थाएं एवं मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है।

नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेतें हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह ,रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सोनू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु, सुधीर मिश्रा, रूपेश मिश्रा आलोक मोदी, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, महेंद्र सिंह सलूजा, हर भगवान छाबड़ा, त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पूर्वांश छाबड़ा, गुलशन वर्मा, सुरज शर्मा, बलवंत छाबड़ा, विक्की सलूजा, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह सप्पल, अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, जॉनी राणा, रघबीर मक्कड़, इन्द्रजीत राणा व राजकुमार छाबड़ा सहित अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

# भाटापारा में आवारा मवेशियों का सड़कों पर धमाल, लोग परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे सड़को पर पैर पसारे बैठे आवारा पशुओं के कारण लोग आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है नगर के प्रमुख मार्ग विश्रामगृह से लेकर तरेंगा नाका तक तथा विद्युत कार्यालय से लेकर लिंक रोड होते हुये ओव्हरब्रिज के रास्ते तहसील चैक तक एवं शहर थाना से लेकर कालेज होते हुये खोलवा मार्ग तक सड़क पर सैकडो की संख्या मे पशुओं के स्वच्छंद विचरण से लोग हलाकान है।



इन प्रमुख मार्गो पर अनेक पशु तो पांव पसारे सड़क के बीचो बीच बैठ रहे है जिससे आवागमन मे बाधा उत्पन्न हो रहीं है वहीं सड़क पर हीं पशुओं द्वारा मल मूत्र त्याग दिये जाने से लोग गोबर से फि सल कर गिर भी रहे है इसी प्रकार के हालात रेल्वे अंडरब्रिज टेंहका रोड एवं हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के भीतर भी बना हुआ है जहां सैकड़ो की संख्या मे भैंस भैंसा मनमर्जी से आ जा रहे है जिससे अंडरब्रिज के रास्ते मोटरसायकल लेकर जाने वालो को मवेशियों के कारण दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है हटरी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज के भीतर को दो चार पशु पांव पसारे बैठे रहते है जिसके कारण आवागमन भी बाधित हो रहा है इसी प्रकार हटरी बाजार, सब्जी बाजार, सदर बाजार सहित कुछ अन्य मार्ग व वार्ड मोहल्लो मे भी सैकड़ो की संख्या मे आवारा मवेशियों के घूमने फि रने से हालात लगातार बिगड रहे है हटरी बाजार मे तो सांड लड़ाई आये दिन होने से भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो रहीं है सड़को पर घूम रहे आवारा मवेशियो की धर पकड़ किये जाने को लेकर राज्य शासन के सचिव सहित हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी भाटापारा की सड़को से आवारा मवेशियों का जमावड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है जिससे लोग एक ओर जहां परेशान है वहीं पशुओं की आपसी लड़ाई से लोग चोटिल हो रहे है जो कि एक गंभीर मसला बन गया है पालिका प्रशासन के पास काउ कैचर ट्राली उपलब्ध है लेकिन उसका निरंतर उपयोग अभी तक नहीं होने से भाटापारा की तमाम सड़को पर आवारा पशुओं का स्वच्छंद विचरण लगातार जारी है।

# साहू समाज के 51 जोड़ों ने सामूहिक रूप से पौधा रोपण किया




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय साहू समाज द्वारा साहू छात्रावास से लेकर संस्कार सदन तक पौधा रोपण का कार्य किया गया। इस दौरान पौधो की सुरक्षा के लिये ट्री गार्ड एवं पानी के लिये ड्रीप की व्यवस्था भी की गई। उक्त अवसर पर उपस्थित विधायक इंन्द्र साव ने कहा कि पेड पौधे के बिना मानव जीवन संभव नहीं है पौधा रोपण का कार्य प्रशंसनीय है। इस कार्य मे साहू समाज के साथ साथ हर समाज को आगे बढकर पौधा रोपण करने के लिये आगे आना चाहिये उन्होने साहू समाज के 51 जोडो के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम मे भाग लेने की पहल का स्वागत करते हुये कहा कि आज जब जंगल कट रहे है ऐसी स्थिति मे पौधा रोपण का यह प्रयास निरूसंदेह सराहनीय है। उपरोक्त अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे डॉ.राजेश अवस्थी के अलावा सुकृत साहू, बाबूलाल साव, चंन्द्रप्रकाश साहू, नभ नारायण साहू, मनीराम साहू, लुकु साहू, तिलक साहू, नारायण साव, पिंताबर साहू, रवि साहू, सजीवन साव, कुबेर साहू, निकेश, लिलेश साहू, लाला साहू, वीणा साहू, नीरा साहू, कमला साहू, कल्याणी साहू, इंन्द्राणी साहू, संध्या साहू, गौरमति साहू, डॉली साहू, प्रेमिन साहू, सरस्वती साहू व अजय साहू सहित बडी तादाद मे साहू समाज के अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त पौधा रोपण मे विशेष बात यह रहीं कि साहू समाज के 51 जोड़ो ने सामूहिक रूप से पौधा रोपण कार्यक्रम मे भाग लिया।

# भाटापारा मंडी में बंपर आवक का सिलसिला अनवरत जारी



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** त्यौहारी सीजन के बीच प्रदेश की सबसे बडी मंडी मे कृषि उपज जींस का भरपूर आवक का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को भी मंडी प्रांगण मे 23 हजार से अधिक बोरा धान व उन्हारी उपज की आवक हुई ज्यादातर उपज बेचने आये किसान कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर, चांपा जांजगीर, सारंगढ–बिलाईगढ, महासमुंद सहित दूर दराज जिलो के गांव से आये थे जो अपनी उपज ट्रेक्टर ट्राली, ट्रक, मेटाडोर, छोटा हाथी, पिकअप, डीआई वाहन सहित अन्य वाहनो से लेकर पहुंचे थे। मंडी प्रांगण मे शुक्रवार को विष्णु भेग धान, श्रीराम, एचएमटी, महामाया नया धान, महामाया पुराना धान, मोटा मिक्स धान, सरना धान भरपूर मात्रा मे बिक्री के लिये पहुंचा जहां किसानो को अपनी उपज का पर्याप्त दाम भी मिला। धान के अलावा मंडी प्रांगण मे कोदो भी बिक्री के लिये पहुंचा जो कि 2800 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बिका वहीं गेहूं की भी भरपूर आवक हुई, मंडी प्रांगण मे गेहूं 2401 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, चना 5900 रूपये के उच्च भाव पर बेचा गया, प्रांगण मे मसूर जहां 4000 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं राहर के भाव मे अप्रत्याशित तेजी का माहौल बना रहा और वह 9200 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं बटरी 5400 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बिका प्रांगण मे धनिया की भी आवक हुई जो कि 4351 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया कुल मिलाकर त्यौहारी सीजन मे किसान को रकम की दरकार होने से बडी तादाद मे किसान अपनी संग्रहित उपज बेचने भाटापारा मंडी मे बडी तादाद मे पहुंच रहे है।

# पारंपरिक रूप से गौरी गौरा उत्सव मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानो पर गौरी गौरा पूजन के बाद विसर्जन यात्रा का आयोजन किया गया इस दौरान गाजे बाजे के साथ गौरा गौरी पूजन की परंपरा का निर्वहन किया गया। मुख्य रूप से मंडी क्षेत्र, नेहरू वार्ड, कल्याण सागर पारा, पैठू डबरी पारा, कात्यायनी मंदिर समीप, रामसागर पारा, मुंशी इस्माईल वार्ड, बजरंग वार्ड, शांति नगर, माता देवालय वार्ड, लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर, संतमाता कर्मा वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, हथनीपारा वार्ड, महावीर वार्ड, सुभाष वार्ड, शक्ति वार्ड, नयापारा वार्ड सहित अनेक स्थानो पर गौरा गौरी पूजन कार्यक्रम उल्लास व उमंग के साथ पारंपरिक रूप से मनाया गया। इस दौरान विसर्जन यात्रा मे सदर बाजार मे उस्ताद घराना उपाध्याय परिवार के जयप्रकाश उपाध्याय ने आकर्षक रूप से अखाड़ा का प्रदर्शन सड़क पर किया जिसे देखने सैकड़ो की तादाद मे लोग उपस्थित थे वहीं नयापारा वार्ड मे आयोजित गौरा गौरी पूजन मे अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश ध्रुव की उपस्थिति मे कार्यक्रम गरिमा मय माहौल मे मनाया गया।

## वर्ल्ड जूडो डे के उपलक्ष्य में टूर्नामेंट का आयोजन



**भाटापारा।** वर्ल्ड जूडो डे के उपलक्ष्य में मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा प्रथम क्लब स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कैलाश बालानी, पीतांबर साहू, पी. किरन, अभय केशरवानी, विकास आडिल, कोमल शर्मा, अमृत साहू एवं सरिता ध्रुव उपस्थित रहे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विकास आडिल ने खेलो के महत्व को बताया। समापन समारोह में राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव, नेहा वर्मा, नेहा साहू, युवराज साहू, कुमेश साहू, मनीष ठाकुर, सोमेश सिन्हा, अन्नपूर्णा देवांगन, संदीप, बलराम, नीतू व लारेंस इत्यादि उपस्थित थे।

## मार्शट आर्ट अकादमी में मनाया गया दीपोत्सव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। चैम्पियन मार्शट आर्ट अकादमी द्वारा बाल मंदिर परिसर मे दीपोत्सव पर्व मनाया गया उक्त अवसर पर कराटे खिलाड़ियों ने पटाखे फ ोड़कर दीपावली का जश्न मनाया इस दौरान आकर्षक रंगोली भी बनाया गया।



उक्त अवसर पर ऋषभ चैहान, नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, महेश राजपूत, धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, शिवम वितारी, दीपक वैष्णव, दीक्षा पांडे, हिमानी शर्मा, पावनी शर्मा, शुभ संकल्प यदू, प्रवीण मोहले, ओम चोरिया, ऋद्धा यादव, दिव्यांश यादव, विभा कोशले, आर्चिस, नुपूर यादव, साक्षी बहल, शीनू शर्मा, हर्ष साहू, अंकित साहू, समृद्धि साहू, तुलाराम साहू, प्रज्ञा साहू, वेद प्रकाश साहू, गुलाब साहू, दिशा साहू, राशि साहू, नीलम साहू, यामिनी साहू, हरीश साहू व गौरव साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

## जनपद सीईओ का तखतपुर तबादला, हिमांशु वर्मा होंगे नये सीईओ



**भाटापारा।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यव्रत तिवारी का राज्य शासन ने तखतपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप मे तबादला किया है उनके रिक्त स्थान पर रायपुर से हिमांशु वर्मा पदस्थ किये गये है। यह विदित रहे कि एक लंबे समय से भाटापारा जनपद पंचायत के सीईओ पद पर अनेक अधिकारी आया राम गया राम के तर्ज पर स्थानांतरित हो रहे है।

## तालाबों के पुर्नूद्धार के लिये सीएमओ ने मुआयना किया



**भाटापारा।** नगर पालिका क्षेत्र मे स्थित विभिन्न तालाबों के पुर्नउद्धार एवं जल शुद्धिकरण तथा अन्य आवश्यक कार्यो के लिये पालिका अधिकारी जफ र खान के नेतृत्व मे आर्किटेक्चर द्वारा अनेक तालाबो का सर्वे करते हुये तालाब के रख रखाव बेहतर प्रबंधन के लिये प्राक्कलन तैयार करने बाबत तालाब क्षेत्र का मुआयना किया गया। उपरोक्त सर्वे कार्य मे सीएमओ के अलावा कन्हैया सिंग ठाकुर व अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

## महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रा.से.यो. एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताएं एवं रैली का आयोजन किया गया जिनमें निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन एवं रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उक्त आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता सरीन के मार्गदर्शन में किय गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ.शशिकिरण कुजूर ने नशा को जीवन के लिए अभिशाप कहा एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी एवं उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने समाज में नशे की बढ़ती लत को कम करने के उद्देश्य से एवं लोगो को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. प्रीति सोनी, ऋतम्भरा चैहान, दीपक यादव, सुश्री इंद्राणी मरकाम, खिलौना कन्नौजे, पूजा गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. दीपेश मिश्र, ईश्वर अनंत, प्राची अग्रवाल, हरिहर खाण्डे, विनय देवांगन, डॉ. योगमाया उपाध्याय, सुषमा तिवारी लीलेश्वर, वामा, सोनू, रत्ना एवं अन्य छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहीं।

## दीप पर्व व राज्य स्थापना दिवस पर महिलाओं ने किया दीप दान

**भाटापारा।** दीपावली उत्सव एवं छत्तीसगढ राज्य स्थापना दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय भामाशाह चैक एवं जय स्तंभ चैक के बाजू मे स्थित भारत माता चैक मे नभ साहू, नारायण साहू, अजय साहू के नेतृत्व मे शहर की महिलाओं ने बडी संख्या मे उपस्थित होकर 108 दीपक जलाकर छत्तीसगढ महतारी भारत माता एवं दानवीर भामाशाह की पूजा अर्चना करते हुये दीप पर्व व राज्य स्थापना दिवस मनाया।

# 3 आदतन बदमाशों को गुंडा सूची में किया गया दर्ज

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** गुंडा बदमाश जय आदित्य तिवारी उर्फ़ अंश पंडित, अतुल ताम्रकार एवं संजीत पाल लगातार आपराधिक घटनाओ मे सक्रिय रहे हैं, युवकों के विरुद्ध पूर्व मे कई आपराधिक प्रकरण किये गये हैं दर्ज। थाना कोतवाली एवं थाना गांधीनगर के प्रतिवेदन पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उपरोक्त बदमाशो का नाम गुंडा बदमाश मे दर्ज करने किया गया आदेशित।

आपराधिक गतिविधियों मे शामिल व्यक्तियों पर पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार सख्ती से कार्यवाही।

जिले मे आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी गांधीनगर द्वारा पुलिस अधीक्षक सरगुजा के समक्ष थाना कोतवाली छेत्र अंतर्गत निवासरत् (01) जय आदित्य तिवारी उर्फ़ अंश पंडित आत्मज अशोक तिवारी उर्फ़ बाबा पंडित उम्र 19 वर्ष निवासी जरहागढ़ अम्बिकापुर अम्बिकापुर (02) अतुल ताम्रकार आत्मज बिरजू ताम्रकार उम्र 20 वर्ष साकिन केदारपुर अम्बिकापुर एवं थाना गांधीनगर छेत्र अंतर्गत (03) संजीत पाल आत्मज बैजनाथ पाल उम्र 38 वर्ष साकिन सकालो बांधपारा हाल मुकाम वसुंधरा विहार गोधनपुर थाना



गांधीनगर के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने एवं बदमाशो की गतिविधियों पर निगाह रखने हेतु जाहिरा गुण्डा लिस्ट मे लाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था।

उपरोक्त बदमाश युवकों द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के गंभीर अपराध घटित किया गया हैं, एवं युवकों के विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के पश्चात भी बदमाशो के आपराधिक गतिविधियों मे कोई सुधार नही आया हैं, अत: थाना प्रभारी थाना अम्बिकापुर एवं थाना प्रभारी गांधीनगर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अम्बिकापुर के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.) द्वारा जिलांतर्गत बदमाश युवकों (01) जय आदित्य तिवारी उर्फ़ अंश पंडित आत्मज अशोक तिवारी उर्फ़ बाबा पंडित उम्र 19 वर्ष निवासी जरहागढ़



अम्बिकापुर अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) (02) अतुल ताम्रकार आत्मज बिरजू ताम्रकार उम्र 20 वर्ष साकिआं केदारपुर अम्बिकापुर एवं थाना गांधीनगर छेत्र अंतर्गत (03) संजीत पाल आत्मज बैजनाथ पाल उम्र 38 वर्ष साकिन सकालो बांधपारा हाल मुकाम वसुंधरा विहार गोधनपुर थाना गांधीनगर कों आज दिनांक से गुण्डा बदमाश की सूची में लाया जाता है।

### गुंडा बदमाशों का आपराधिक प्रकरण :-

(01) जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित पितां अशोक तिवारी उर्फ बाबा पंडित उम्र 19 वर्ष निवासी जरहागढ़ अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग) के खिलाफ मारपीट / बलवा/हत्या / आर्म्स एक्ट/अपहरण से संबंधित अपराध थाना कोतवाली, अम्बिकापुर में पंजीबद्ध किये गये है निगरानी दुसाहसी प्रवृत्ति का होने के कारण क्षेत्र में लोग इसके खिलाफ शिकायत करने



से भी घबराते है, एवं बदमाश के कृत्य से आम जन मानस में भय का वातावरण बना रहता है, बदमाश सन 2016 से अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय हैं बदमाश के विरूद्ध अब तक 21 प्रकरण, मारपीट/बलवा/हत्या / आर्म्स एक्ट / अपहरण पजीबद्ध किया गया है।

(02) अतुल ताम्रकर आ0 विरजु ताम्रकर उम्र 20 वर्ष निवासी पहुना दुकान के पास केदारपुर अम्बिकापुर सरगुजा (छ ग.) के खिलाफ मारपीट/बलवा/हत्या/लुट/अपहरण / आर्म्स एक्ट से सबंधित अपराध थाना कोतवाली, अम्बिकापुर में पंजीबद्ध किये गये है निगरानी दुहसाहसी प्रवृत्ति का होने के कारण क्षेत्र में लोग इसके खिलाफ शिकायत करने से भी घबराते है, एवं बदमाश के कृत्य से आम जन मानस में भय का वातावरण बना रहता है, बदमाश सन् 2019 से अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय है बदमाश के विरूद्ध अब तक 11 प्रकरण, मारपीट/बलवा/हत्या / लुट/अपहरण 01 प्रकरण प्रतिबंधात्मक पंजीबद्ध किया गया है।

(03) संजीत पाल पिता बैजनाथ पाल उम्र 38 वर्ष साकिन सकालो बांधपारा वर्तमान पता क्वार्टर नं. एस2/सी33 वसुन्धरा विहार गोधनपुर थाना गांधीनगर जिला सरगुजा छ.ग. का वर्तमान में थाना गांधीनगर क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय रहकर गांव मोहल्ले में तलवार एवं देशी कट्टा लेकर लोगों डरा धमका कर, मारपीट, गुण्डागर्दी, शराब पीना तथा शराब पीकर हल्ला गुल्ला कर मोहल्ले एवं वार्ड एवं अम्बिकापुर के विभिन्न क्षेत्र मे आतंक मचाता हैं, जिसके विरुद्ध थाना गांधीनगर में (01) अपराध क्रमांक 135/2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट (02)अपराध क्रमांक 308/2020 धारा 294, 506, 323, 34 भा.द.सं. (03) अपराध क्रमांक 317/2021 धारा 294, 506, 323 भा.द.सं. (04) अपराध कमांक 173/2024 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट (05)अपराध क्रमांक 616/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं इस्तगासा क्रमांक 296/2021 घारा 107,116(3) द.प्र.सं., इस्तगासा क्रमांक 20/2024 धारा 110 द.प्र.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया एवं बदमाश के खिलाफ बालान न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

## त्यौहारी बाजार में जबरदस्त कारोबार से व्यापारियों के चेहरे खिले

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे दीपावली पर्व उत्साह व उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार दीपावली मे लक्ष्मी पूजन पर्व को लेकर मतैक्य एक नहीं होने से गुरूवार व शुक्रवार दो दिन लक्ष्मी पूजन का कार्यक्रम चलते रहा फ लस्वरूप पूजन कार्य कराने वाले लोगों को पर्याप्त समय मिला व वे लगातार दो दिनो तक व्यस्त रहे इसी तरह ज्यादातर लोगों ने कार्तिक अमावस्या की तिथि गुरूवार को लक्ष्मी पूजन मनाया लक्ष्मी पूजा मे जमकर ग्राहकी का सैलाब शहर मे उमड पडा फ लस्वरूप चारो तरफ भारी भीड़ के कारण लोगों को आवाजाही मे परेशानी का सामना करना पड़ा शहर के सराफ़ा बाजार मे रिकार्ड तोड़ सोना चांदी के जेवरात की बिक्री हुई वहीं रेडिमेड कपडे, मनिहारी, जनरल स्टोर्स, इंटरप्राईजेस, बर्तन, इलेक्ट्रीक एवं इलेक्ट्रानिक आयटम्स के साथ साथ पेट्रोल एवं बैटरी चलित दुपहिया तिपहिया एवं चैपहिया वाहनो की बडे पैमाने पर बिक्री हुई। इस दीपावली मे अच्छी तादाद मे सायकल व बैटरी चलित सायकल की बिक्री भी बडी तादाद मे हुई इन सबके अलावा पटाखा बाजार मे रिकार्ड तोड़ व्यवसाय होने से पटाखा व्यापारियों के चेहरे खिले रहे वहीं त्यौहार मे भारी तादाद मे छेने व खोये मिठाईयो की भी जबरदस्त बिक्री हुई वहीं शहर मे करगी रोड कोट बेलगहना घुटकू पेंड्रा रोड सहित दूर दराज से आये लोगों ने शहर के प्रमुख चैक चैराहे पर झाड़ू धान की बाली, कमल फू ल आम पत्ता सहित गोवर्धन पूजा मे उपयोग मे आने वाले पत्ते व फू लो की जमकर बिक्री हुई गेंदा फू ल का बाजार भी त्यौहार के दौरान गरम रहा लक्ष्मी पूजा के दिन गेंदा फू ल की माला अधिकतम 70 रूपये मूल्य पर बेचा गया वहीं सेब फ ल नारियल, केला भी अप्रत्याशित रूप से महंगे दामो पर बेचे गये त्यौहार के दौरान लाई बताश, ईलायची दाना, खजूर पेठा के अलावा लक्ष्मी माता एवं अन्य भगवान के पोस्टर फ ोटो व चित्र भी बडे पैमाने पर जगह जगह बिकते रहे। कुल मिलाकर भाटापारा त्यौहारी बाजार मे ग्राहको के जन सैलाब से कारोबार जबरदस्त रूप से उछाल मे रहा।

## कांग्रेस के पूर्व खाद्य मंत्री के कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य का 24 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर**/ दिनांक 1.11.2024 को छ.ग. शासन के पूर्व खाद मंत्री अमरजीत भगत के कार्यालय अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ राज्य का 24 व स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर अमरजीत भगत ने अपने विचार रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के माटी में रचे-बसे संस्कृति व कला के अनमोल धरोहर को हम नमन करते हैं। स्थापना दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेश वीडियो को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया उन्होंने यह भी कहा कि हम सब प्रदेशवासियों को मिलजुल कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की उन्नति के शिखर पर ले जाना है। वहीं नगर निगम के पार्षद दीपक मिश्रा ने कहा कि राज्य निर्माण व उनके विकास में अपना योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं हमारी गौरवशाली परंपरावा





संस्कृति विरासत जो हमारी पहचान है उसे सदैव बनाए रखने की आवश्यकता है । कार्यक्रम को श्री गोपाल केसरवानी, विजय सिंह तोराम, डॉक्टर लालचंद यादव, इरफ़ान सिद्दीकी, लक्ष्मी गुप्ता, अभिषेक सिंह, नीतीश ताम्रकार, परवेज आलम गांधी, ने संबंधित किया इस अवसर पर मनीष दुबे, शैलेंद्र चौधरी, पंडित बाबूलाल दुबे, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी अनुराग सिंह, राजेश पांडे, मनोज सोनी, कलम सिद्दीकी, अशरेश विश्वकर्मा, अंकित बड़ी लीलावती पर निशा लकड़ा रमेश पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालक सेवा दल के जिला संगठक अग्रहरि ने किया।


*शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के बाउंड्री वॉल बनाने में सरपंच सचिव के संरक्षण में बरती गई लापरवाही*

# आखिर क्यों शिकायत व ज्ञापन सौंपने के बाद भी अधिकारियों द्वारा जांच व कार्यवाही में होती है देरी

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

*सुरजपुर। ब्लाक मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मानी में मनरेगा के तहत लगभग 8 लाख रुपयों से शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य कर रहे पंचायत प्रतिनिधि व सचिव कि लापरवाही सामने आई है शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल में बाउंड्रीवाल बनाने के लिए लगाए गए कालम को टेढ़ा-मेढ़ा खड़ा किया गया है।*





**अधिकारियों की लापरवाही**

इतना ही नहीं खोदे गए गड्ढे के सेंटर पर भी ध्यान नहीं दिया गया है साथ ही एक दरवाजे की जगह पर दो दरवाजा बनाया गया है जिसकी जरूरत ही नहीं है शासन से जारी दिशा निर्देशों का पालन किए बगैर ही यहां निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 23 अप्रैल को की गई थी कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर को इस संबंध में शिकायत करने व उचित कार्यवाही किए जाने की बात कही तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम व संबंधित अधिकारी ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की तो जिला कलेक्टर के पास दोबारा शिकायत किया जाएगा शिकायत के बाद इन मामलों को अखबारों में बार-बार दिखाया जाता है फिर भी उच्च अधिकारी इन संबंधितों पर संज्ञान लेना उचित नहीं समझते !!

ज्ञापन सौंपने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कोई करवाई नहीं की गई है इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है बोधन सिंह पोर्ते ने बताया कि यदि सरकार की कोई भी योजना का कार्य गलत होने पर ग्रामीण किसी की भी शिकायत नहीं करते क्योंकि शिकायत करने पर पदस्थ अधिकारी संबंधित अधिकारी पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं करते है ओर आम नागरिक द्वारा दिए गए आवेदन को नजर अंदाज कर दिया जाता है ग्रामीणों का कहना है कि आवेदकगण पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों से शिकायत करते आ रहे है लेकिन विडंबना है कि अब तक किसी प्रकार कोई भी जांच नहीं की गई और ना ही कोई कार्यवाही हुई आखिर क्यों जांच व कार्यवाही के नाम पर इतना लेट लतीफी क्या पंचायत प्रतिनिधियों या किसी भी मामले में कुछ और चाह होती है अधिकारियों की जो जांच के नाम पर लेट लतीफ करते रहते हैं !!

***सरपंच - सचिव के संरक्षण में आखिर क्यों तोड़ी गई पुरानी बाउंड्री वॉल ??***

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल मानी चौक मैं पहले से ही बाउंड्री वॉल बनी हुई थी जिसको तोड़कर नया बाउंड्री वॉल में पुरानी बाउंड्री वॉल की टूटी-फूटी ईंटों को जोड़कर बनाई गई है ईंट जोड़ते सीमेंट बालू की सामग्री में भी कमी करते हुए बाउंड्री वॉल बनाया गया सरपंच - सचिव के संरक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों व रोजगार सहायक के द्वारा फर्जी मास्टर रोल तैयार कराकर अपने ही परिवार जनों का हाजिरी भरकर पैसों का बंदर बांट किया गया है लेकिन जिम्मेदार सरपंच- सचिव ने इन सबको नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी...!!



# निजी अस्पताल के संचालक ने मरीज के परिजन को एफआईआर करने की दी धमकी

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** निजी अस्पताल में मरीज का सही ईलाज नहीं होने पर ले आये थे परिजन मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल एक रात का बिल 14 हजार वसूलने पहुंचे निजी अस्पताल का संचालक संचालक डॉ संदीप त्रिपाठी मरीज के परिजनों को धमकाया, पत्रकारों को खबर बनाने से रोका कैमरा छीनने की कोसिस

जशपुर के ग्राम सन्ना में एक्सीडेंट होने पर मरीज दिलेश्वर को ईलाज के ला रहे थे अंबिकापुर परिजन निजी एम्बुलेंस के ड्राइवर ने गुमराह कर भर्ती करा दिया निजी दायानिधि अस्पताल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में धमकी देने पंहुचा था निजी अस्पताल का संचालक।





दीपावली मिलन समारोह

# पत्रकारों को सम्मानित कर दीपावली पर्व की दी बधाई

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर**-विधायक राजेश अग्रवाल के द्वारा दिपावली पर्व पर अंबिकापुर में शासकिय भवन में सरगुजा के सभी पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था जहाँ सभी वर्ग के पत्रकार प्रिन्ट मिडिया ईलेक्ट्रानिक मिडिया के सभी पत्रकार उनके निवास मे उपस्थित होकर दिपावली मिलन समारोह आयोजित किया जहाँ उनके निवास मे उनके मिडिया प्रभारी मो.तबरेज सहित रुपेश दुबे द सूटर दैनिक समाचार पत्र के संपादक सहित उनके सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे उनके द्वारा पत्रकारों कों सम्मानित करने के लिऐ दिपावली गिफ्ट देकर पत्रकारों का सम्मान किया।






### सूरजपुर डबल मर्डर-केस... 13 घंटे से चल रहा बुलडोजर

# आरोपी कुलदीप का तीन मंजिला मकान-गोदाम ढहाया गया, सिंहदेव बोले- कानूनी प्रक्रिया के बिना कार्रवाई अनुचित

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**सूरजपुर।** सूरजपुर में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में पिछले 13 घंटे से बुलडोजर चलाने की कार्रवाई जारी है। मास्टरमाइंड कुलदीप साहू के पिता और चाचा के करीब 150 डिसमिल जमीन (डेढ़ एकड़) पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। बताया जा रहा है कि, रविवार रात को ही 3 टीम तैनात कर दी गई थी। सोमवार सुबह 5 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच अवैध निर्माण को ढहाने का काम शुरू हो गया था। वहीं दूसरी ओर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इसे असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा कि बिना कानूनी प्रक्रिया के कार्रवाई अनुचित है। शाम को बाजारपारा स्थित मुख्य आवास के पीछे बने तीन मंजिला मकान को भी ढ़हाया जा रहा है। बाजारपारा में मकान एवं गोदाम को तोड़ा गया है। इसके अलावे तिलसिवां में गोदाम, मकान, मानपुर में पक्का मकान, गोदाम व शेड, रिंगरोड में पक्की दुकान, गोदाम शेड का अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई अंतिम चरण में है।

मकान नहीं तोड़े जाएंगे तीन टीमें पुराना बस स्टैंड स्थित गोदाम, रिंग रोड में दो गोदाम और नए बनाए जा रहे दुकानों को तोड़ रही है। इसके अलावा चार अन्य शासकीय भूमि से भी अवैध कब्जा हटाया जा रहा है, जिस पर कुलदीप साहू, उसके पिता अशोक साहू और चाचा संजय साहू का कब्जा है। बुलडोजर कार्रवाई में अभी मकान नहीं तोड़े गए हैं।

इससे पहले सूरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा ने कहा था कि कुलदीप साहू के परिवार से संबंधित मकानों को फिलहाल नहीं तोड़ा जाएगा। अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। मुख्य आरोपी के तीन और कब्जों को चिह्नित किया गया गया है, जहां बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

6 जगहों पर अवैध निर्माण मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के पिता अशोक साहू और चाचा संजय साहू ने सूरजपुर में 6 जगहों पर अवैध निर्माण के लिए नगर पालिका ने 15 अक्टूबर को नोटिस दिया था।

नोटिस में लिखा गया है कि, आपने नगर पालिका से अनुमति लिए बिना भवन निर्माण किया है, जो छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 (क) का उल्लंघन है। अपना निर्माण हटा लें। वरना प्रशासन बेदखली की कार्रवाई करने को बाध्य होगा। इन जगहों पर है जमीन राजस्व सूत्रों के मुताबिक, आरोपी कुलदीप साहू के पिता अशोक साहू का पुराना बस स्टैंड के पीछे वार्ड क्रमांक-7 में सवा दो डिसमिल जमीन का पट्टा है, जबकि 60 डिसमिल जमीन में मकान और अवैध निर्माण किया गया है।

कुलदीप साहू के रिंग रोड मानपुर में 37 डिसमिल, मानपुर मोहल्ले में 25 डिसमिल, वार्ड क्रमांक कब्रिस्तान मोहल्ला में 25 डिसमिल और ग्राम तिलसिवां में 25 डिसमिल भूमि है, जहां बुलडोजर चलाने नोटिस चस्पा किया गया है। चाचा के मकान पर भी नोटिस चस्पा वहीं, नगर पालिका प्रशासन ने वार्ड क्रमांक-7 में अवैध रूप से बने कुलदीप के चाचा संजय साहू के मकान पर भी नोटिस चस्पा कर दिया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सभी अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। बुलडोजर की कार्रवाई का अभी तक कोई विरोध नहीं हुआ है।

### सिंहदेव बोले- कानून का पालन ही लोकतंत्र की नींव

वहीं डिप्टी CM टीएस सिंहदेव ने कहा कि संविधान और प्रजातंत्र की स्थापना इसीलिए की गई थी ताकि हर नागरिक के अधिकार और हितों की रक्षा हो सके। बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के किसी पर भी कार्रवाई करना अनुचित है। उन्होंने कहा, कानून का पालन सुनिश्चित करना ही लोकतंत्र की नींव है। सिंहदेव ने कहा- हमने राजा की व्यवस्था इसीलिए बदली क्योंकि कानून का शासन और निष्पक्ष न्याय हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए। संविधान इसलिए बनाया गया ताकि हर व्यक्ति के साथ उचित और समान व्यवहार हो। उनका मानना था कि ऐसी कार्रवाई कानून की प्रक्रिया का उल्लंघन करती हैं और जनता में एक गलत संदेश भेजती हैं कि बिना न्यायिक प्रक्रिया के भी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस ने दिया संरक्षण, बढ़ाया मनोबल टीएस सिंहदेव ने कहा कि जिलाबदर का कुलदीप साहू थाने में बैठकर पुलिसकर्मियों से समोसे मंगाता था। उसे पुलिस ने ही बढ़ावा और संरक्षण दिया। आपने उसका मन ऐसा बढ़ाया कि वह हर नियम कानून से ऊपर है। घटना के लिए पुलिस पूरी तरह से जिम्मेदार है। क्या है पूरा मामला दरअसल, 13 अक्टूबर की रात कुलदीप साहू ने 2 साथियों हस्दू जिलाध्यक्ष सीके चौधरी और रिंकू सिंह के साथ मिलकर हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। उनके शवों को आरोपियों ने कार में डालकर 5 किलोमीटर दूर खेत में फेंक दिया था। आईजी की गठित टीम कर रही है जांच हत्याकांड का पता चलने पर आक्रोशित भीड़ ने कुलदीप साहू के घर और गोदामों में आग लगा दी थी। सूरजपुर में प्रदर्शन किया था। मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस संरक्षण के आरोप में सूरजपुर के एसएसपी एमआर आहिरे को हटा दिया गया है। मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को पुलिस संरक्षण देने का आरोप है। इसकी जांच के लिए सरगुजा आईजी अंकित गर्ग ने बैकुंठपुर एएसपी मोनिका ठाकुर और बलरामपुर जिले के एसडीओपी एमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में जांच टीम बनाई है। जांच टीम ने भी जांच पूरी कर ली है। सूरजपुर डबल मर्डर-केस के बाद हटाए गए स्क मास्टरमाइंड कुलदीप साहू को संरक्षण देने के लगे थे आरोप; प्रशांत ठाकुर बने नए पुलिस अधीक्षक छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या और बवाल के बाद एसपी एम.आर.अहिरे को हटा दिया गया है। उन्हें रायपुर में यातायात उप महानिरीक्षक बनाया गया है। उनकी जगह पर प्रशांत कुमार ठाकुर नए एसपी बनाए गए हैं। गृह विभाग ने देर रात आदेश जारी किया।

### छत्तीसगढ़ के इस जिले में बड़ा हादसा

# रफ्तार में 6 लोगों मौके पर ही हुई मौत,तेज रफ्तार स्कार्पियो डबरी में गिरी डोर लॉक ,एक ही परिवार के 4 सदस्यों समेत 6 की मौत ,1 घायल, मचा हड़कम्प

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**बलरामपुर।** जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां भीषण हादसे में एक बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार स्कार्पियों तालाब में पलट गयी। इस भीषण हादसे में स्कार्पियों वाहन में सवार 7 लोगों में 6 की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं 1 अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस राहत-बचाव कार्य में जुट गयी। तालाब में गिरे स्कार्पियों वाहन से सभी मृतकों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा बुढाबगीचा में मुख्य मार्ग पर हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डबरी में जा घुसी। हादसे के दौरान वाहन में सात लोग सवार थे। जिसमे से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतकों में से 4 एक ही परिवार के हैं जो कि कुसमी विकासखंड के लरिमा के रहने वाले है। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग दीपावली मनाने गांव आये हुए थे। दीपावली के बाद परिवार के सभी लोग स्कार्पियों से वापस सूरजपुर जाने के लिए रवाना हुए थे। तभी रास्ते में ये भीषण हादसा हो गया। मृतकों में एक बच्ची और महिला समेत 6 लोग शामिल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा ।

# बस चोरी के मामले में सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

## थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चंद घंटे के भीतर आरोपी कों गिरफ्तार कर की गई कार्यवाही

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** सरगुजा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों पर लगातार सख्ती से कार्यवाही कर धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी जावेद आलम साकिन खरसिया नाका अम्बिकापुर द्वारा दिनांक 01/11/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना दिनांक 31/10/24 को प्रार्थी की शमीम बस कमांक सीजी/15/ए.बी./1155 को वाहन चालक कुनकुरी से वापस लाकर शाम कों राजधानी पेट्रोल पम्प के सामने खरसियां नाका अम्बिकापुर में खड़ा कर चला गया था। जो दिनांक 1/1/24 को सुबह प्रार्थी के बस का ड्रायव्हर व कन्डेक्टर बस खडी किये स्थान पर जाकर देखे तो बस खडी



किये स्थान पर नहीं था। जिसकी सूचना प्रार्थी कों दिया गया हैं, तब सूचना पाकर प्रार्थी बस को अपने स्तर पर पता किया, पता नहीं चला कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बस वाहन कमांक सीजी/15/ ए.बी./1155 को चोरी कर ले गया है, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 789/24 धारा 303(2) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर



विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण कर आस पास के सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन किया गया एवं मामले मे मुखबीर तैनात किये गये, दौरान पता तलाश मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि शमीम बस कमांक सीजी/15/ ए.बी./ 1155 कों रायगढ़ रोड की ओर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया हैं,

**आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया बस किया गया बरामद।**

**आरोपी पूर्व में शमीम बस में खलासी का कार्य करता था, बस का चाभी रखने की जगह जानने से दिया था घटना कों अंजाम।**

**आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध की जा रही सख्ती से कार्यवाही।**

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रायगढ रोड में पता तलाश किया गया जो एन.एच. 43 चिरंगा मोड के पास उक्त चोरी हुआ बस खडा मिला, बस में संदेही सुखनन्दन खाखा पिता जगमोहन उम्र 20 वर्ष साकिन पोकसरी चिपरकाया थाना बत्तौली का मिला जिससे घटना के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त बस वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा मौके से बस वाहन कमांक सीजी/15/ ए.बी./1155 को जप्त किया गया हैं, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं,आरोपी पूर्व मे शमीम बस मे खलासी का कार्य किया था इस दौरान आरोपी कों बस का चाभी रखने की जगह की जानकारी प्राप्त हो गई थी, जिस पर आरोपी द्वारा घटना कारित किया गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक लालभुवन सिंह, विवेक राय, नितिन सिन्हा शामिल रहे।

# सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर राधा कृष्ण जमात मंदिर में हनुमान जयंती उत्सव मनाया गया



ब्यूरोचिफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया नगर के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण जमात मंदिर में महंत बसंत बिहारी दास के सानिध्य में हनुमान जयंती मनाया गया। इस अवसर पर जमात मंदिर में संजय सिंघानिया सपत्नीक माया सिंघानिया के द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना सवामनी भोग प्रसाद लगाया गया। पूजा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पुरूषोतम अग्रवाल के द्वारा मधुर आवाज में भजन की प्रस्तुति दी गई, आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी ने बताया। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी यानी नरक चतुर्दशी वाले दिन हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। हनुमान जन्मोत्सव का दिन अपार भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। यह हर साल दो बार मनाया जाता है। एक चैत माह की पूर्णिमा और दूसरा कार्तिक माह की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर रामचंद्र दास वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, आयुष सिंघानिया उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषक प्रशिक्षण संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। कृषि विज्ञान केन्द्र मे कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक प्रदीप कश्यप द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं मिट्टी परीक्षण की जानकारी दी गई।




रबी फसलों के लिए विशेष रूप से गेहूं एवं दलहनी फसलों के लिए संतुलित पोषक तत्वों पर विस्तार से बताते हुये हरी खाद, कम्पोस्ट खाद आदि के उपयोग पर जोर दिया। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक श्रवण भगत द्वारा किसानो को एनएफएल के उत्पाद किसान यूरिया, किसान डीएपी, बेंटोनाइट सल्फर, सिटी कंपोस्ट एवं कृषि रसायन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के शस्य वैज्ञानिक श्रीमती स्वाति ठाकुर द्वारा किसानों को मौसम एवं फसल प्रबंधन की जानकारी दी एवं किसानों को जैव उर्वरक राइजोबियम, पीएसईबी कल्चर, एजोटोबेक्टर के उपयोग पर जोर दिया, कृषि विज्ञान केंद्र के कीट वैज्ञानिक सागर पांडे द्वारा कीट प्रबंधन एवं रोकथाम के बारे में किसानो को जानकारी दी। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बृजकिशोर सिंग सहित किसान, कृषि विज्ञान केंद्र स्टाफ एवं एनएफएल स्टाफ सहित लगभग 50 लोग उपस्थित थे।

# विधायक व छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री के द्वारा दी गई राशि को क्यों लौटाया पत्रकारों ने ?

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा विधानसभा मुख्यालय भटगांव के पत्रकारों को फोन पे के माध्यम से दीपावली मनाने 11, 11 सौ रुपए किए गए थे ट्रांसफर चर्चाओं में ज्यादा चल रही है मंत्री लक्ष्मी राजवाडे बाकी पत्रकारों को होटल पर्पल मे इनवाइट किया –बाकी पत्रकारों को 1100 सौ फोन पे के माध्यम से भेजवाया जा रहा हैं जब पता चला की पत्रकारों मे आक्रोश हैं..तब ..राशी वापस लौटा दिया गया**

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के भटगांव मुख्यालय के 10 पत्रकारों के फोन पे के माध्यम से भटगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा दीपावली के अवसर पर 11, 11 सौ रुपए डाला गया जिस राशि को 7 पत्रकारों के द्वारा ससम्मान उसी फोन पे पर भेजे गए 11, 11 सौ रुपए को हैप्पी दीपावली का मैसेज कर वापस किया जो इन दिनों सूरजपुर जिले सहित पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा।

## एक मात्र महिला मंत्री है – लक्ष्मी राजवाड़े

एक ऐसा मामला है जिसमें सरकार की एकमात्र महिला मंत्री के विधानसभा क्षेत्र भटगांव के विधायक लक्ष्मी राजवाड़े से भटगांव मुख्यालय के मीडिया कर्मियों ने नाराज होकर दीपावली उपहार स्वरूप मंत्री की तरफ से भेंट की? रकम लौटा दी। दरअसल, यह आदान-प्रदान फोन पे पर हुआ। और स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।




## जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर सुर्खिया बटोर रहा है 11 सौ रुपए

दीवाली पर उपहार देने की परंपरा आम है लेकिन अब मीडिया कर्मियों के बीच नगदी की परंपरा भी शुरू हो गई है। रायपुर से लेकर कई मंत्री-विधायकों की? तरफ से इस तरह की नई परंपरा की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा चल रही है। इन सबके भटगांव में भेंट-उपहार को लेकर विवाद काफी चर्चा में है जहा हुआ यूं कि महिला मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की तरफ से करीबियों ने वहां के? दस मीडिया कर्मियों को 11-11 सौ रूपए दिए गए। यह राशि फोन पे पर मीडिया कर्मियों के खातों में ट्रांसफर की गई। इसके बाद वहां मीडिया कर्मियों में नाराजगी देखी गई और फिर उनमें से 7 मीडिया कर्मियों ने धन्यवाद के मैसेज के साथ लौटा दिया। इसकी मीडिया कर्मियों सहित जिला सूरजपुर से प्रदेश स्तर पर काफी चर्चा हो रही है।

## 13 पत्रकारों का मिला सूची जिसमें 10 पत्रकारों के फोन पे पर डाला गया राशि

*भटगांव विधानसभा के भटगांव मुख्यालय के 13 पत्रकारों का सूची मांगा कर 10 पत्रकारों के फोन पे पर स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सहयोगी के द्वारा 10 पत्रकारों को फोन के माध्यम से दीपावली के अवसर पर 11, 11 सौ रुपए का राशि भेजा गया जिसे देख 7 पत्रकारों के द्वारा ससम्मान हैप्पी दीपावली का मैसेज कर उसी फोन पे पर 11, 11 सौ के राशि को वापस कर दिया।*

## स्थानीय पत्रकार महासंघ ने जताया आभार

*भटगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा सहयोगी के माध्यम से विधानसभा मुख्यालय भटगांव के पत्रकारों को दीपावली के अवसर पर फोन पे के माध्यम से 11, 11 सौ रुपए दिया गया जिस 11, 11 सौ रुपए को भटगांव के पत्रकारों द्वारा ससम्मान फोन पे के माध्यम से ही वापस किया गया जिसको लेकर स्थानीय पत्रकार महासंघ के द्वारा राशि वापस किए गए पत्रकारों को धन्यवाद देते हुए कहा है कि आप सभी के द्वारा पत्रकारिता के गिरते स्तर को बचाए रखने के लिए जो कदम उठाया है वो काबिले तारीफ है क्योंकि मान सम्मान से समझौता कभी नहीं करना चाहिए और आप लोग अस्वीकार कर दिल जीत लिया..... जिसकी जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर बड़े पैमाने पर चर्चा हो रही है।*

# राज्योत्सव में पत्रकारों के साथ भेदभाव

**अंबिकापुर।** जनसंपर्क विभाग कें द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव जो 5 नवंबर कों अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री कें द्वारा मुख्य अतिथि के रुप मे शुभारंभ किया जाऐगाँ लेंकीन जनसंपर्क विभाग दरिमाएयरपोर्ट के शुभारंभ मे भी पत्रकारों के साथ भेदभाव की। गई थी अब फिर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भीं जनसंपर्क अधिकारी संगीता लकडा कें द्वारा कुछ पत्रकारों के साथ भेदभाव वालीं स्थिति पैदा कर रही सरगुजा मे इस तरीके से चलाया जा रहा है जनसंपर्क जो अक्सर सुर्खियों मे बना रहता हैं ऐ स्थिति कब बनी जबसे अंबिकापुर में सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पर संगीता लकडा को अंबिकापुर जनसंपर्क में पदभार दिया गया तबसे पत्रकारों को अपमानित के साथ उनके मान सम्मान के साथ खेलवाड़ भी किया जाता हैं जो पत्रकारों के मान सम्मान मे उनके छवि को ठेस पहुचता हैं आखीर किसके संरक्षण पर चल रहा है अंबिकापुर का जनसंपर्क विभाग किसका सरंक्षण प्राप्त है संगीता लकडा सहायक जनसंपर्क अधिकारी को बता दू मै अंबिकापुर में ज्वाईन डायरेक्टर का पद है। उस पद पर तिग्गा साहब पदस्थ है लेकिन अपने सामने वो ज्वाईन डायरेक्टर को निचे गिराकर अपने मन मुताबिक कार्य कर रही है इनकी कार्य प्रणाली कितने बार सवाल खडे हो चुके है लेकिन फिर भी कोई रिऐक्शन देखने को नही मिला पत्रकारों के साथ अच्छे सें पेस तक नही आती है अंबिकापुर मे इसी लिऐ भेजा गया बेब पोटल वालो को कहती है हम बेब पोटल का इंन्ट्री नही करते जिनका यूट्यूब चैनल चल रहा है उसमे भी इनका कहना सेम रहता है ईलेक्ट्रानिक मिडिया सेटेलाइट चैनल को कहती है की मुझे टीवी पर विडिओ बनाकर भेजे मैं चेक करूँगी टीवी पे विडिओ बनाकर मुझे प्रसनल भेजे




# ये कैसा राज्योत्सव..मंत्री मैडम बैठी रही और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ उठकर चला गया

## अब हो रही जिला प्रशासन की किरकिरी!



ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में आज जिला स्तरीय राज्य उत्सव का आयोजन किया गया है और इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने खूब तैयारी की है .लेकिन पत्रकारों को समेटने में प्रशासन नाकाम रहाऔर इसी का नतीजा रहा कि जब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मंच पर पहुंची तो नाराज पत्रकारों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया और वह कार्यक्रम स्थल से उठकर वहां से चले गए ज्इस दौरान जिला प्रशासन की खूब किरकिरी हुई ही ज्वही यह अब चर्चा का विषय हो गया है कि आखिर पत्रकार नाराज क्यों हो गए ज्यह कौतूहल का विषय बना हुआ है ज्बहरहाल नाराज पत्रकारों को प्रशासन मनाने में कैसे सफल होता है और मंत्री महोदया क्या रुख अपनाती हैं यह देखने वाली बात होगीज्इस दौरान मंच पर सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा भी मौजूद रही।

# रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस इतिहास रचने तो भाजपा का अंतर बढ़ाने का लक्ष्य

**रायपुर।** दक्षिण के रण में दोनों ही प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। भाजपा ने जहां रायपुर दक्षिण से हर बार की तुलना में लीड बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने दक्षिण में इस बार इतिहास रचने का दावा किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बयान जारी कर कहा है कि दक्षिण में इस बार कांग्रेस के पक्ष में वातावरण बना हुआ है।

वहीं, साय कराकर के 11 माह के कुशासन से जनता परेशान है। आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान भी जा रही है। ऐसे में जनता का आशीर्वाद इस बाद कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा को मिलेगा। वहीं, दूसरी ओर भाजपा की ओर से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल पहले ही क्षेत्र से रिकार्ड बनाने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरे हैं। उनका कहना है कि




रायपुर दक्षिण विधानसभा में कोई आकाश शर्मा को जानता तक नहीं है और न ही उन्हें कोई अनुभव है, ऐसे में इस चुनाव में भाजपा अब तक की ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

नामांकन रैली, राजनीतिक सभाओं सहित कार्यकर्ता सम्मेलन में भी मुख्यमंत्री साय भी बोल चुके हैं यहां से आपको दो विधायक मिलेंगे। एक भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी, जबकि दूसरे नौ बार के विधायक व सांसद बृजमोहन अग्रवाल मिलेंगे।

### सोनी जन आकांक्षाओं में नहीं उतरे खरे

दूसरी ओर कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बतौर सांसद लोगों की आकांक्षाओं पर खड़े नहीं उतरे, इसलिए 2024 में उन्हें टिकट नहीं दिया गया था। ऐसे में एक बार फिर उन्हें अवसर देने को घायल निर्णय ठहराया है।

### बैज खुद उतरे दक्षिण के मैदान में

*कांग्रेस की ओर से प्रचार की कमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने खुद ही संभाल रखी है। सोमवार को उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया और आकाश शर्मा के लिए मतदान करने की अपील की। वहीं, आकाश का भी निरंतर जनसंपर्क जारी है।*

### अपनी उपलब्धियां गिना रहे सुनील सोनी

*भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी जन संपर्क के दौरान अपनी उपलब्धियां गिना रहे हैं। लाखे नगर में कार्यालय उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि जेल रोड चौड़ीकरण, केनाल लिंकिंग रोड, गौरव पथ सहित पेयजल के लिए 32 टंकियां उन्हीं की देन हैं।*

दामाखेड़ा उपद्रव में भी सामने आया कांग्रेस कनेक्शन

# हर बड़ी अपराधिक घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस के लोगों की कारगुजारियों को सामने रखा है और कहा है कि एक ओर जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वां राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुज़ारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। देव ने साफ-साफ लफ्ज़ों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है और फिर उस मुद्दे पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। इसी साजिश की कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाए से कांग्रेस अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। देव ने कहा कि अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं, समूचे प्रदेश की आस्था के केंद्र पर हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है।

# नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में राज्य सरकार!

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ करा सकती है. इसके लिए नियमों में संशोधन करते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश 2024 में प्रकाशित किया है. सरकार ने यह कदम IAS ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी की सिफारिश के आधार पर उठाया है. नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कार्यकाल पूरा होने से पहले ही नया चुनाव करना होता था, अब नए संशोधन के बाद 6 महीने के समय के लिए राज्य सरकार व्यवस्था बनाकर कार्य का संचालन कर सकती है.




इस 6 महीने के भीतर नया चुनाव करना अनिवार्य है. इसके साथ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के मुताबिक, निर्वाचक नामावली में यदि त्रुटि हो तो उसे संशोधित किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ आयोजित करने के लिए IAS ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था. जानकारों के मुताबिक, कमेटी ने राज्य सरकार को अपनी सिफारिश पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराए की सिफारिश की थी. कमेटी ने रिपोर्ट में कहा कि इससे धन की बचत के साथ ही विकास कार्यों में तेजी आएगी. दोनों चुनाव अलग-अलग कराने से आचार संहिता भी दो बार लगानी पड़ेगी. इससे विकास के काम प्रभावित होंगे, मैन पॉवर भी ज्यादा लगेगा. दोनों चुनाव एक साथ कराने से इन सबकी बचत होगी.

### 2019-20 में हुआ था चुनाव

पिछला नगरीय निकाय चुनाव 2019-20 में हुआ था. राज्य के 27 जिलों के 151 निकायों के 2840 पार्षदों के चुनाव के लिए 21 दिसंबर 2019 को मतदान हुआ था, और 24 दिसंबर को परिणाम घोषित किए गए थे. वहीं 20 दिसंबर 2020 को 15 नगरीय निकायों के 370 वार्डों में आम चुनाव हुआ था. 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों में उपचुनाव हुआ था. इसके अलावा राज्य के 146 जनपद पंचायतों में स्थित त्रिस्तरीय पंचायतों में 400 जिला पंचायत सदस्य, 2979 जनपद पंचायत सदस्य, 11636 सरपंच और 160350 पंच पद के लिए चुनाव हुआ था.

### छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों की स्थिति

छत्तीसगढ़ में कुल निकाय -184
छत्तीसगढ़ में कुल नगर निगम - 14
छत्तीसगढ़ में नगर पालिका परिषद् - 48
छत्तीसगढ़ में कुल नगर पंचायत -122

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का शुभारंभ

### तीजा-पोरा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा-करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्य मों की शानदार प्रस्तुति से हुआ। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउण्ड के मुख्य मंच से छत्तीसगढ़ी कलाकारों के दल ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।



तीन दिवसीय राज्योत्सव के आयोजन को लेकर मेला स्थल को शानदार ढंग से सजाया गया है। हजारों की संख्या में लोग यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद और प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे। राज्योत्सव 2024 का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा सहित अन्य मंत्रिगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित हजारों की




संख्या में लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के पूर्व से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का दौर शुरू हो गया। सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीत और भजन की प्रस्तुति ने खूब समां बांधा। मस्तुरिहा और साथियों द्वारा गाये गीत और भजन पर दर्शक झूमने लगे।

**लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीत पर झूमे**

रिखी क्षत्रीय की टीम ने छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग महीनों में आयोजित होने वाले तीज-त्यौहार एवं लोकपर्व आधारित कार्यक्रमों की संवाद, गीत एवं नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उनकी टीम ने तीजा-पोरा, जंवारा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा नृत्य एवं करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिखी क्षत्रीय की टीम की सभी प्रस्तुतियों का दर्शकों ने ताली बजाकर सराहा। इससे पूर्व रजनी रजक की लोकगाथा पर आधारित ढोला-मारू की प्रस्तुति रेवा-पेरवा जादूगरनी की कहानी को गायन विधा में तथा महेन्द्र चौहान एवं साथी द्वारा प्रस्तुत आदिवृंदम एवं चन्द्रभूषण वर्मा की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

## सर्व यादव समाज के दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव

### BJP को हर बार प्रचंड जीत दिलाने की अपील



*मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीगसढ़ राज्योत्सव 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राजधानी रायपुर पहुंचे है। राज्योत्सव में शामिल होने से पहले वह पुरानी बस्ती में सर्व यादव समाज के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और बृजमोहन अग्रवाल समेत यादव समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएम साय और सीएम यादव ने यादव समाज के लोगों से रायपुर दक्षिण उपचुनाव में बीजेपी को प्रचंड जीत दिलाने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार दक्षिण रायपुर की जनता ने बृजमोहन अग्रवाल को बड़ी जीत दिलाई, वैसे ही अब सुनील सोनी को भी विजयी बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार जनता के लिए सभी कार्य समय पर करती आई है और आगे भी करेगी। चुनाव के बाद पट्टा वितरण की योजना पर भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दीपावली मिलन समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम और अन्य सभी अवतार भगवान विष्णु के ही रूप हैं और भाजपा का एकमात्र उद्देश्य भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय का उद्घोष हमें हमारी संस्कृति से जोड़ता है और हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए, यही हमें आगे बढ़ाता है। इस दौरान डॉ मोहन यादव ने मथुरा में भगवान कृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराते हुए भाजपा को हर बार प्रचंड जीत दिलाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर में गोवंश का पालन होना चाहिए, जिससे हर घर गोकुल का रूप ले सके।*

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे रायपुर, एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत





**रायपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीगसढ़ राज्योत्सव 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राजधानी रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जगदलपुर विधायक किरण देव, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। बता दें कि राज्योत्सव के उदघाटन से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुरानी बस्ती के ठेठवार भवन जाएंगे। वहां यादव समाज के दीपावली मिलन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वह पुरानी बस्ती से नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल रवाना होंगे। जहां वह राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में शामिल होने के डॉ यादव भोपाल रवाना होंगे।

# अग्रवाल समाज के द्वारा दीपावली मिलन समारोह के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया





ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में अग्रवाल समाज कें द्वारा अंबिकापुर के अग्रसेन भवन मे दीवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया अग्र समाज के द्वारा एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं इस अवसर

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल,सहित सभी वरिष्ठ गण मौजूद रहें मनोज अग्रवाल बीडीसी, शुभम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल महामाया, विनोद अग्रवाल हार्डवेयर, श्री नरसिंह दास जी,विनोद अग्रवाल काकू,दीपक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजेश ट्रेडर्स ,जनम अग्रवाल ,आलोक अग्रवाल, संजय चिक्की,सज्जन अग्रवाल, विनोद अग्रवाल हनुमान राईस मील ,अजय अग्रवाल सभापति न.नि.अम्बिकापुर, अरविंद सिंघानिया,मुकेश मित्तल, हेमन्त अग्रवाल महामाया ट्रेडर्स अम्बिकापुर इत्यादि समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

महिलाओ ने भी बढ़ चढ़कर सहयोग कीया। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी एंव प्रवक्ता अंबिकापुर पीजी कालेज के विधायक प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल ने दीं।

## कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब - शिवरतन शर्मा



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा है कि रायपुर दक्षिण के चुनाव मे कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया है उन्होने आगे कहा कि कांग्रेसी फे क विडियो बनाकर घ्रृणित राजनीति कर रहे है। शर्मा ने कहा कि सुनील सोनी के संबंध मे विडियो को एडिट करके फे क विडियो बनाकर ओछी राजनीति पर कांग्रेसी उतर आये है जिससे कांग्रेस का चाल चरित्र चेहरा पूरे देश मे उजागर हो रहा है। छत्तीसगढ राज्य सहित पूरे देश मे कांग्रेस खत्म होने के रास्ते पर है और आने वाले समय मे रायपुर दक्षिण की जनता भी कांग्रेस को आईना दिखाने वाली है इसलिये अपने संभावित हार से बौखलाकर कांग्रेसी उल जूलुल हरकत कर रहे है और फ`क विडियो बनाकर चरित्र हनन की राजनीति पर उतर आये है। लोकतंत्र मे इस प्रकार की हरकत निंदनीय है।

## गौरा गौरी पूजन के पश्चात विसर्जन किया गया



**थान खम्हरिया ।** वार्ड क्रमांक 14 भाटापारा में सामूहिक गौरा गौरी की स्थापना की गई। विधि विधान से पूजा अर्चना की गई । वार्ड वासियों ने धूमधाम से बाजे गाजे के साथ नाचते , गाते , सोटा मारते हुए शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें वार्ड वासी परिवार सहित सम्मिलित हुए। इसके बाद वार्ड के तालाब में गोरा गोरी का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में वार्ड वासी शामिल हुए।

## हटिया सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित - सुशील शर्मा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** झारखंड प्रदेश के हटिया विधानसभा में अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त विधानसभा आब्जर्वर सुशील शर्मा ने बताया कि झारखंड प्रदेश के हटिया विधान सभा में लगातार ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, बूथ कॉंग्रेस कमेटी सहित वरिष्ठ कॉंग्रेस जनों से मीटिंग कर आम जन से संपर्क करने पर रुझान कॉंग्रेस पार्टी के समर्थन में दिखाई दे रहा है यहाँ पर कार्यकर्ता पूरी ताकत से अपने अपने बूथ को जीतने कमरकस चुके है, कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है। सुशील शर्मा बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव जीतने के लिये आवश्यक जानकारी देकर अपनी बूथ में कॉंग्रेस प्रत्याशी को भारी मतो से जिताने की अपील कर रहे है। सुशील शर्मा ने आगे बताया कि हटिया विधान सभा में 495 पोलिंग बूथ है और लगभग 445680 मतदाता है जिसमें सामान्य वर्ग, आदिवासी, मुस्लिम मतदाता की संख्या अधिक है, प्रत्येक बूथ में कॉंग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का प्रचार कर रहे है।

# सांसद श्री चिंतामणी महाराज औचक निरीक्षण पर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर, मरीजों से जाना हाल-चाल

## स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाएं देखी, त्यौहार के मद्देनजर विशेष ध्यान देने के निर्देश





ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**अम्बिकापुर।** सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज गत रविवार को सुबह लगभग 10:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। सांसद श्री चिंतामणि ने इस दौरान पूरे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपना बी.पी. एवं शुगर जांच भी करवाई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सकों एवं उनके ड्यूटी रोस्टर के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए जिससे किसी तरह की आपात स्थिति में त्वरित सहायता की जा सके। उन्होंने इस दौरान निर्देशित किया कि आम नागरिकों को शासन द्वारा प्रदत सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य जी का नगर में स्वागत

**थान खम्हरिया ( ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला )।** कवर्धा प्रवास के दौरान, त्रिमूर्ति चौक में नगर के प्रमुख लोगों के द्वारा महाराज जी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। आतिशबाजी की गई, स्वागत किया गया। महाराज जी ने छत्तीसगढ़ व क्षेत्र वासीयो नगर वासियों के सुख समृद्धि की कामना की, इस अवसर पर प्रताप छाबड़ा , हरिशरण सिंह क्षत्रिय , अनिल सिंघानिया , वीरेंद्र सिंहा , हनी परिहार , मनीष सेन , योगराज साहू , राहुल छाबड़ा , रोशन सिन्हा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# टी टी सी ग्राउंड तरेंगा से सृष्टि ध्रुव का सब इंस्पेक्टर पद पर चयन

**भाटापारा।** पुलिस मुख्यालय सूबेदार, उप निरीक्षक सवर्ग व प्लाटून कमांडर भर्ती 2021 चयनित अभ्यर्थियों की जारी सूची में टी टी सी ग्राउंड तरेंगा से सृष्टि ध्रुव पिता शत्रुहन ध्रुव का चयन होने पर टी टी सी ग्राउंड के सभी सदस्यों ने बधाई दिए जिसमे सत्यम यादव, धनेश्वर साहू, लक्ष्मण, वीरेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, सतीश सोनी, हुलास साहू, कमल साहू, राजेंद्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल है।




# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने सेन्दुर नदी के छठ घाट का निरीक्षण किया



ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**बलरामपुर-** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने बलरामपुर से होकर गुजरने वाली सेन्दुर नदी के छठ घाट का दौरा किया और तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ समिति के सदस्यों से बातचीत की और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने छठ घाट में स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात करने के साथ ही बलरामपुर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को छठ घाट की साफ-सफाई और समतलीकरण करने के निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और छठ घाट में पर्याप्त संख्या में पुरुष और महिला पुलिस बल तथा गोताखोरों की टीम लगाने को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली और पार्किंग की व्यवस्था उचित स्थान पर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अमित श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री रणवीर साय सहित छठ घाट समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# राधा कृष्ण जमात मंदिर में गोवर्धन पूजा का आयोजन एवं कृष्ण श्रृंगार किया गया



ब्यूरोचिफ अनिल सिंघानिया

थान खम्हरिया। नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में महंत वसंत बिहारी दास के सानिध्य में गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन, राधा और कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर 12ः00 बजे गोवर्धन पूजा, आरती और भोग-प्रसाद का आयोजन किया गया।



महंत जी ने नगर और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान राधा कृष्ण की झांकी का मंदिर में उपस्थित होकर भगवान के दर्शन और पूजा का लाभ लिया। इस मौके पर पंडित ओमप्रकाश जोशी , पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, नैतिक अग्रवाल, कपिल सिंघानिया, के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालुओं ने मस्ती के साथ झूम कर आनंद उठाया।

महंत वसंत बिहारी दास जी ने भेंट वार्ता के दौरान बताया, कि गोवर्धन पूजा द्वापर युग से परंपरागत रूप से चली आ रही है। उस समय वृंदावन के ब्रजवासियों ने गोवर्धननाथ का पूजन किया था। पहले इंद्र देव की पूजा होती थी, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को प्रेरित किया कि हमे अपने सुख-समृद्धि के प्रतीक गोवर्धननाथ का पूजन करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने इंद्र पूजन को रुकवा कर गोवर्धन पूजन की परंपरा की शुरुआत की थी।

**गोवर्धननाथ की कृपा से ही हमारी गौ माता स्वस्थ और बलिष्ठ होती हैं, जिससे दूध, दही और मक्खन प्राप्त होता है**

महंत जी ने बताया कि गोवर्धननाथ की कृपा से ही हमारी गौ माता स्वस्थ और बलिष्ठ होती हैं, जिससे दूध, दही और मक्खन प्राप्त होता है। तब से इस दिन को सनातनी परंपरा के अनुसार हम गोवर्धन पूजा के रूप में मनाते आ रहे हैं। महंत जी ने सभी भक्तों को इस पावन अवसर पर आशीर्वचन दिए।

# नगर में जगह जगह रंगोली का प्रदर्शन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के विभिन्न स्थानो पर बनाये गये रंगोली को देखने लोगों की भारी भीड़ उमड रहीं है जिसमे सिटी सेंटर मॉल के सामने प्रीति शाह तथा पुराना गंज के सामने मोनू मल, अभिनव दुबे, रीना वासवानी, मेघा वर्मा, विनीत वर्मा, रामरतन मूंधडा, विजय लखवानी, श्रेया सचदेव सहित अन्य स्थानो की रंगोली को देखने लोग बडी संख्या मे पहुंच रहे है उक्त रंगोली उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा के अलावा अनेक राजनेता खिलाड़ी एवं धार्मिक रंगोली बनाये गये है जो लोगो को बरबस आकर्षित कर रहे है। इसी तरह गणेश शकुंतला अग्रवाल की पुत्रवधु शिवानी अग्रवाल द्वारा निर्मित बाल राम की आकर्ष रंगोली की सुंदरता व कलाकृति को देखने के लिये लोगों का भारी हुजूम उमड़ रहा है। शिवानी अग्रवाल रंगोली के अलावा पेटिंग स्केचिंग पोर्टरेट मेकिंग मे एवं प्रोफेशनल क्लासेस ले रहीं है उनके इस कार्य की सराहना लोगों ने की है।



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दीपावली मिलन समारोह रखा था जिसमें कुछ मीडिया कर्मियों को उनके द्वारा आमंत्रित नहींह्य किऐ जाने से मिडिया कर्मी हुऐ नाराज

# खास पत्रकार को ही बुलाए दीपावली समारोह में

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे द्वारा पत्रकारों हेतु आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम को लेकर नगर के पत्रकारों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।



सूत्रों के अनुसार रविवार को अंबिकापुर के होटल परपल ओरचिड में आयोजित दिपावली मिलन समारोह में मंत्री जी की ओर से केवल खास पत्रकारों को निमंत्रण दिया गया था जिसके कारण पत्रकारों का एक बड़ा वर्ग मंत्री जी से खासा नाराज बताया जा रहा है। इस संबंध में जिले के भाजपा मीडिया प्रभारी से जब चुनकर पत्रकारों को बुलाए जाने के विषय में जानकारी ली गई तो उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में उन्हें किसी भी प्रकार की सूचना होने से इंकार किया तथा इसे मंत्री जी का निजी कार्यक्रम बताया। महिला एवं बाल विकास मंत्री के दीपावली मिलन कार्यक्रम में सरगुजा जिला भाजपा संगठन से जुड़े किसी भी प्रमुख पदाधिकारी का उपस्थित न होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। अंबिकापुर में बिना भाजपा संगठन को बताये चुपके से दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे मंत्री जी की क्या मंशा है इस पर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मीडिया से जुड़े कुछ लोग इसे जिला संगठन को ताक पर रखकर मंत्री जी के संभाग मुख्यालय की राजनीति में सीधे दखल के रूप में देख रहे हैं तो कुछ इसे मंत्री जी की राजनीतिक अपरिपक्वता की संज्ञा भी दे रहे हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in